हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

4 आज मनेगा विप्र कुलभूषण परशुराम का जन्मोत्सव, होंगे विविध आयोजन



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीपीटी की परीक्षा 1 को

**सक्ती।** गढ़ व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के पूर्व तैयारी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा आज सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग की गयी। जिसमें विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी गई। गुरूवार 1 मई को पीपीटी 25 परीक्षा समय प्रथम पाली 9 से 12:15 तक शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केन्द्र की पहचान एक दिन पूर्व कर लेने की अपील की गयी है तथा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रवेश पत्र सह एक पहचान पत्र संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में पहुंचने की अपील की गई है।

### बाल-विवाह कुप्रथा को समाप्त करने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में हर संभव प्रयास करने की अपील की है। बालविवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे कानूनी रूप से भी निषेध किया गया है। प्रायः अक्षय तृतीया में बड़ी संख्या में बाल विवाह होते है जो प्रदेश व समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणाम न केवल बच्चों को बल्कि पूरे परिवार व समाज पर पड़ते है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लडके और 18 वर्ष से कम आयु की लडकी के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो की 1 लाख रुपये तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 09 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा / साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता के अंक तथा अनुभव अंक की मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा, साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गई जानकारी की सूची जारी किया गया है। जिसे जिले के वेबसाइट व कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नोटिस बोर्ड में अवलोकन किया जा सकता है।

# प्रभारी की पड़ोस में पोस्टिंग, आंदोलनकारी डॉक्टर को दिखाया जंगल का रास्ता

## जिला अस्पताल विवाद, शासन ने किया सीएस व डॉक्टरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों के साथ स्टाफ नर्स और कर्मचारियों के बीच करीब डेढ़ माह से चल रहे विवाद के बीच शासन द्वारा तबादला आदेश जारी किया गया है। खास बात यह है कि इस तबादले में जिस प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की मांग की जा रही थी, उसे यहां से हटाकर पड़ोसी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में बतौर प्रभारी सिविल सर्जन भेजा रहा है। वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठन के पदाधिकारी डॉक्टर सहित तीन डॉक्टरों को सुकमा, नारायणपुर और खड़गंवा की राह दिखा दी गई है।

गौरतलब है कि बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय में पदस्थ प्रभारनी सिविल सर्जन और डॉक्टरों, स्टाफ नर्स और कर्मचारियों के बीच बीते मार्च महीने में विवाद शुरू हो गया था। इस दौरान डॉक्टर, स्टाफ नर्स और कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व दुव्यर्वहार का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया था। प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ स्टाफ ने कई चरण में आंदोलन किए। इस दौरान ओपीडी का बहिष्कार, सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल किया गया, तो वहीं जिला व प्रदेश स्तर पर भी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इस बीच डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन की संभागीय बैठक भी हुई और शासन स्तर पर मांगे रखी गई। इधर इन सबके बीच बीते 24 अप्रैल के डेट में चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा विशेषज्ञों के प्रशासनिक आधार पर तबादला सूची जारी हुई है। इस सूची के अनुसार जिले में पदस्थ प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. दीपक कुमार जायसवाल को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में प्रभारी सिविल सर्जन बनाया गया है। वहीं आंदोलन में शामिल रहे जिला चिकित्सालय के डॉक्टर इकबाल हुसैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणपुर भेजा जा रहा है। इसी प्रकार चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गंवा जिला एमसीबी और दंत चिकित्सक डॉ. विष्णु पैगवार का स्थानांतरण सुकमा जिले के दोरनापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन विवाद के बाद प्रभारी सीएस के पड़ोसी जिला में और आंदोलन में शामिल 3 डॉक्टरों के दूरस्थ अंचलों में स्थानांतरण हो लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है।

**खास बातें**
- प्रभारी सीएस को हटाने करीब डेढ़ माह से चल रहा था चरणबद्ध आंदोलन
- स्थानांतरण में 3 डॉक्टर भेजे जा रहे नारायणपुर, सुकमा और एमसीबी जिला




## दोपहर बाद फिर बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत

# अंधड़ के बाद गरज चमक के साथ बारिश, बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में अंधड़ एवं गरज के साथ जमकर बारिश हुई। जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण अंचल तरबतर हो गया है, इधर मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। जिला मुख्यालय में ही 4 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही, जबकि ग्रामीण इलाकों में देर रात तक अंधेरा छाया रहा।

गौरतलब है कि पिछले दो तीन दिनो से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जिसके चलते तापमान मे गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार 29 अप्रैल को भी कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। जहां शाम के समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य क्षेत्रो जिनमें चाम्पा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ, नवागढ, सारागांव, बम्हनीडीह, बिर्रा, खरौद सहीत अन्य क्षेत्रो में अंधड एंव गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। इधर अंचल में हुई झमाझम बारिश के चलते जहां मौसम मे ठंडकता आ गई वही लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। मौसम विभाग से जुडे जानकारो का मानना है कि शनिवार 26 अप्रैल से मंगलवार 29 अप्रैल तक इस तरह की स्थिती बनी रहेगी। इधर मौसम मे अचानक आए परिवर्तन का असर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली व्यवस्था में देखने को मिला। जिला मुख्यालय जांजगीर में मंगलवार 29 अप्रैल को शाम 6 बजे से बिजली गुल हो गई। जिसके चलते शहर के लिंक रोड, नेताजी चौक, कचहरी चौक, केरा रोड सहित अन्य क्षेत्रो मे बिजली व्यवस्था घंटो बाधित हुई। इसी प्रकार मौसम परिवर्तन एवं बारिश के चलते चाम्पा, अकलतरा, शिवरीनारायण आदि क्षेत्रो में लोगो को बिजली की समस्या से जुझना पडा। जिसके चलते लोगो की परेशानी और भी बढ गई।



### बारिश ने डाला वैवाहिक कार्यक्रमों में खलल

शहर सहित ग्रामिण क्षेत्रो में इन दिनो बडे पैमाने पर मांगलिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 28 अप्रैल से बुधवार 30 अप्रैल को बडे पैमाने पर विवाह होना है। इधर मंगलवार 29 अप्रैल को मौसम में आए परिवर्तन एवं अंधड गरज के साथ हुई जमकर बारिश के चलते शहर सहित ग्रामिण क्षेत्रो में होने वाले विवाह के कार्यक्रमो पर इसका बडा असर देखने को मिला। वही मंगलावार को आयोजित होने वाले हल्दी ,बारात आगमन का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुआ है।

### चल रहा सुधार कार्य

मौसम परिवर्तन व अंधड के साथ तेज बारिश होने के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है। सुधार कार्य चल रहा है। जल्द बिजली सेवा बहाल की जाएगी।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री, विद्युत मंडल जांजगीर

# हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## बारात में नाचने के विवाद पर हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

बारात में नाचने के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी 6 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा क्षेत्र के ज्ञान गंगा स्कूल के पास भैंसा बाजार चांपा के पास एक शादी के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। थी। घटना 16 फरवरी को हुई जब मोहन केवट की शादी के दौरान बारात में आए लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी मनोज उर्फ गोलू मांझी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रामधन पटेल और साहिल पटेल पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रामधन पटेल और साहिल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय जांजगीर में भर्ती कराया गया था। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां रामधन पटेल की इलाज के दौरान 18 फरवरी की सुबह मौत हो गई की सूचना रिपोर्ट पर थाना चांपा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप व एसडीओपी चाम्पा यदूमणि सिदार के मार्गदर्शन में पूर्व में 6 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है एवं 2 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया जा चुकी है। आरोपी सोम उर्फ़ सुशांत यादव एवं दुर्गेश उर्फ दादू जो घटना घटित कर फरार था। जिसकी थाना चांपा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। आरोपियों को मुखबिर सूचना से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उपनिरी बी एस लकड़ा, एएसआई अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक विरेंद्र कुमार टंडन, प्रकाश राठौर, आरक्षक माखन साहू का योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नाबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी को आगरा से पकड़ा गया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर लेने की रिपोर्ट शिवरीनारायण में दर्ज कराई थी। थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए लगातार पातासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर अपहता को आरोपी खरौद मांझापारा निवासी अमृत लाल आदित्य के कब्जे से कमलनगर आगरा उत्तरप्रदेश से बरामद किया गया। प्रकरण के आरोपी अमृत लाल आदित्य को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाना एवं शादी का झांसा देकर लगातार दैहिक शोषण करना जुर्म स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2),87, 64 (2)ड बीएनएस 4,6 पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि नरेंद्र शुक्ला, नीलमणी कुसुम आरक्षक प्रवीण साहू मआर सरिता लहरे थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के खरौद मांझापारा का मामला



### हरदी अड़भार नहर में डूबने से युवक की गई जान

**मालखरौदा।** अड़भार चौकी अंतर्गत आने वाले हरदी नहर में नहाने के लिए गए ग्राम कर्रापाली निवासी रोहित सिदार पिता आत्माराम सिदार उम्र 32 वर्ष दोपहर 1 बजे नहर में स्नान कर रहा था। अचानक वह बहने लगा। वह नहीं मिल पाया और बहकर फॉल में फंस गया,जहां उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस बात की सूचना घर वालों को होने पर पुलिस चौकी अड़भार पहुंच कर सूचना दी गई। प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र कंवर, आरक्षक मोहित गोपाल कंवर द्वारा लाश को बाहर निकलवाकर पंचनामा की कार्यवाही की गई। तत्पश्चात पीएम की कार्रवाई मालखरौदा भेजा गया। दोपहर 3 बजे पोस्टमार्टम के बाद लाश को घर वालों को सौंप दिया गया।

## गर्मी में पानी के लिए मचा हाहाकार, विभाग को नहीं कोई सरोकार


# काम नहीं आ रहा जल जीवन मिशन, शोपीस बनी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

शासन द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन मिशन अंतर्गत केनापाली में बनी टंकी और पाईप पाइन कौड़ी काम का नहीं है। भीषण गर्मी में जहां पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण पेयजल के लिए मशक्कत कर रहे है। वहीं इस मिशन के तहत पानी टंकी शोपीस साबित हो रही है। आधी अूधरी पाइप लाइन भी जगह जगह से फूटने लगी है। इधर जिम्मेदार विभाग को इससे कोई सरोकार नहीं है।

विदित हो कि शासन के द्वारा करोड़ों करोड़ों रुपये खर्च कर जल जीवन मिशन चलाई जा रही है। इसके तहत हर घर तक पानी पहुंचाने जहां बड़े पैमाने पर पाइप लाइन बिछाई गई है, तो वहीं बड़ी टंकी का निर्माण कराकर बोर उत्खनन कराया गया है। इसी कड़ी में डभरा ब्लाक के केनापाली में बनाई गई टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। इधर पाइप लाइन बिछाने का काम भी आधा अधूरा हुआ है। स्थिति यह है कि टंकी में पानी भरकर सप्लाई शुरू की जाती है, तो स्तरहीन पाइप जगह जगह से फूटने लगती है और लोगों के घरों तक पहुंचने वाला पानी गलियों में बहने लगता है। इधर इस तरह की स्थिति को देखते हुए मरम्मत के लिए भी गुहार लगाई गई है, लेकिन जिम्मेदार अमले ने यहां की सुध नहीं ली है। कुल मिलाकर लाखों की लागत से बनाई गई टंकी और बिछाई गई पाइप लाइन के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इधर गर्मी में जल स्तर में हो रही गिरावट के चलते गांव में लगे हैण्डपंप हवा उगल रहे है, तो वहीं कुंआ और तालाबों का जल स्तर काफी कम हो गया है। ऐसी स्थिति में यहां ग्रामीण पेयजल संकट से जूझने विवश है।

इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी पी के श्रीवास्तव ने कहा कि इस संबंध में ठेकेदार के मनमानी के विरुद्ध अनेकों बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया हूँ लेकिन उच्च अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जल्द ही व्यवस्था बनाई जाएगी।


शोपीस बनी केनापाली में बनी पानी टंकी।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर
मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।
" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "
कार्यक्रम
त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोटः- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पत्र होगा।
शोकाकुल परिवार: गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।
विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)
निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828
नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

## खबर संक्षेप

### खरौद में छत्तीसगढ़ कवि सम्मेलन का आयोजन 5 को

**खरौद।** धार्मिक नगरी खरौद में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन 5 मई को कुंजबिहारी साहू की स्मृति में रखा गया है। जहां छग के ख्यातिलब्ध कवि करेंगे शिरकत खरौद. छग की काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी खरौद में लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 5 मई को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन में छग के ख्यातिलब्ध कवि शामिल होंगे। यहां रायपुर के वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, अकलतरा के बंशीधर मिश्रा, जांजगीर के अरुण तिवारी, सीपता-बिलासपुर के शरद यादव अक्स, कोटा की सोमप्रभा नूर, मौहाडीह-बाराद्वार के कौशल दास महंत, रतनपुर के बाल मूकुंद श्रीवास और खोखरा-जांजगीर के कवि अनुभव तिवारी के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। कुंजबिहारी साहू की धार्मिक नगरी खरौद जन्मस्थली है और उनकी याद में हर साल 'छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाता है. 5 मई सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की चौथी पुण्यतिथि है और उनकी स्मृति में यह आयोजन किया जाएगा। संयोजक राजकुमार साहू ने बताया कि खरौद नगर और क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह है। धार्मिक नगरी खरौद में कविता पाठ होगा, वहीं हास्य कवि यहां लोगों को खूब गुदगुदाएंगे।

### बटुकों के होंगे उपनयन संस्कार, शाम को निकलेगी शोभायात्रा

# आज मनेगा विप्र कुलभूषण परशुराम का जन्मोत्सव, होंगे विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव बुधवार 30 अप्रैल को मनाया जायेगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को धूमधाम से मनाने के लिए सभी विप्रजन विगत 15 दिनों से तैयारी कर रहे थे । तय कार्यक्रम के मुताबिक जिला मुख्यालय जांजगीर, सहित जांजगीर नैला नगर के आसपास के सभी ग्रामों से विप्रोवर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

शोभायात्रा के लिए नगर में भी विभिन्न समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न जगहों में जलपान की व्यवस्था की है।नैला दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जांजगीर (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से 30 अप्रैल बुधवार को पैदल शोभा यात्रा के रूप मे कचहरी चौक एवं नेताजी चौक होते हुए परशुराम चौक रेलवे स्टेशन नैला में भगवान श्री परशुराम की मूर्ति के पूजा अर्चना के बाद समाप्त होगी। शोभा यात्रा की समाप्ति के उपरांत नैला मारवाड़ी धर्मशाला में सभी श्रद्धालुओं के लिए भोज की व्यवस्था की गई है। पैदल शोभायात्रा शाम 5:30 बजे से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। रैली के प्रारंभ में सबसे आगे उपनयन संस्कार में शामिल 35 बटुकों का दल अपने परिजनों के साथ सांस्कृतिक वेशभूषा में रहेगा एवं उनके पीछे ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच के महिला सदस्य रहेंगे।



**अक्षय तृतीया पर 31 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार**

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक 31 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुँचकर कार्यक्रम के सहभागी बनेंगे। सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन , नहडोरी , गुरू मंत्र इत्यादि रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। बटुकों के परिजनो से लाल या पीले वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया गया है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे एवं प्रमुख यजमान पंडित चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा है।

# निकलेगी शोभायात्रा होगा उपनयन संस्कार

### नगर का विप्र समाज जुटा तैयारियों में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा**

स्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन तथा मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा विप्र कुलभूषण व भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की जयंती आगामी बुधवार 30 अप्रैल को परंपरानुसार अलग-अलग मनायी जाएगी।

इस अवसर पर दोनो ही संगठनों द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा शासकीय चिकित्सालय के पास स्थित भगवान परशुराम भवन में विप्र बालको के सामुहिक उपनयन संस्कार तथा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। वस्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा शासकीय चिकित्सालय के पास स्थित भगवान परशुराम भवन में इस वर्ष मंगलवार 29 अप्रैल तथा बुधवार 30 अप्रैल को परशुराम जयंती तथा उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजति हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी की परीक्षाओं में 85 प्रतिशत और उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के विद्यार्थियों तथा परशुराम भवन निर्माण में योगदान करने वाले दान दाताओं का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार 30 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे से परशुराम भवन में आयोजित किया गया है। संगठन द्वारा भोजन, पेयजल, पंजीयन, झांकी, महाआरती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी और सहप्रभारी सहित समाज के लोगो की समिति का गठन किया गया है। मंगलवार 29 अप्रैल को सायं 4 बजे बटुकों का एकत्रीकरण, पूजन एवं संस्कार क्रिया प्रारंभ होगी। बुधवार 30 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से त्रिमुंडन तथा 9 बजे से ब्राम्हण भोजन व 10 बजे से भिक्षाटन होगा। इस दिन अपरान्ह 3 बजे से प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित परशुराम भवन के निर्माण में दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। इस दिन सायं 5 बजे परशुराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सायं 7 बजे अतिथि द्वारा ध्वजा पूजन एवं भगवान परशुराम महाआरती के बाद उपस्थितों में प्रसाद वितरण किया जाएगा।



# खनिज विकास के अध्यक्ष का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

खनिज विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष केबिनेट मंत्री सौरभ सिंह का डी के मेडिकल स्टोर्स जांजगीर में राजपूत क्षत्रिय प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उन्हें सिद्ध शक्ति पीठ चण्डीदाई की चुनरी, भारत माता के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के प्रतीक राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप का तेल चित्र एवं शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर उन्होंने जिला मुख्यालय जांजगीर में स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु जानकारी लिया, जिस पर उन्हें की गई कार्यवाहियों से संबंधित समस्त दस्तावेज देवेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया गया। जिस पर उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की घोषणा के प्रतिपालन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर कलेक्टर द्वारा प्रेषित प्राकलन राशि के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन से राशि अतिशीघ्र स्वीकृति दिलाने आश्वस्त किया।













